भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न सं. - 49***

09 दिसम्बर, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**योग चिकित्सा हेतु शैक्षणिक संस्थान**

*49. श्री रविन्दर कुशवाहा:
श्री सुब्रत पाठक:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश भर में योग चिकित्सा के लिए राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने शैक्षणिक संस्थान हैं और पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इस पाठ्यक्रम में स्नातक होने वाले छात्रों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार ने योग चिकित्सा शिक्षा के लिए एक मानक पाठ्यक्रम को अंतिम रूप दिया है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का देश में नए योग और प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र स्थापित करने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और झारखंड सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) इस तरह की परियोजना के तहत शुरू से लेकर संचालन के पूरा होने तक प्रस्तावित समय-सीमा क्या रखी जाती है; और

(च) देश में योग और प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**<u>उत्तर</u>**

**आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

(क) से (च): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

**लोक सभा में 09 दिसम्बर, 2022 को पूछे गए तारांकित प्रश्न संख्या 49* के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) और (ख): आयुष मंत्रालय देश में योग चिकित्सा शिक्षा को विनियमित नहीं कर रहा है। इसलिए, मंत्रालय द्वारा योग चिकित्सा के शैक्षिक संस्थानों/स्नातक छात्रों की संख्या के संबंध में वर्ष-वार/राज्य-वार आंकड़े नहीं रखे जाते हैं। तथापि, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त सूचना के अनुसार, योग चिकित्सा से संबंधित पाठ्यक्रम प्रदान करने वाले संस्थानों का ब्यौरा **संलग्नक** में है और बी.एन.वाई.एस और बी.नैट (योगिक साइंस)-बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंस में स्नातक करने वाले छात्रों की संख्या निम्नानुसार है:

| कार्यक्रम | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 |
|---|---|---|---|---|
| बी.एन.वाई.एस बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंस | 239 | 194 | 425 | 514 |
| बी.नैट (योगिक साइंस) - बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंस | 325 | 603 | 210 | 137 |
| **कुल** | **564** | **797** | **635** | **651** |

इसके अलावा, आयुष मंत्रालय ने योग चिकित्सा पढ़ाने के लिए कोई मानक पाठ्यक्रम तैयार नहीं किया है।

(ग) से (ङ): चूंकि जन-स्वास्थ्य राज्य का विषय है, इसलिए नए योग और प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्रों की स्थापना करना राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के क्षेत्राधिकार में आता है। राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान (एनआईएन), जो आयुष मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त निकाय है, के तत्वावधान में पुणे, महाराष्ट्र में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के लिए 250 बिस्तरों की क्षमता वाला निसर्ग ग्राम नामक एक शैक्षिक संस्थान स्थापित किया गया है। इसके अलावा, केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीसीआरवाईएन), जो आयुष मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त निकाय है, के तहत झज्जर, हरियाणा और नागमंगला, कर्नाटक में 200 बिस्तरों वाले योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अस्पतालों के साथ दो केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान स्थापित किए गए हैं।

(च): माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2014 में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। आयुष मंत्रालय हर साल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) आयोजित करने के लिए नोडल मंत्रालय है। आईडीवाई का आयोजन सामान्य योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी), जो योग पोर्टल (yoga.ayush.gov.in) पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है, पर आधारित एक सामूहिक योग प्रदर्शन पर केंद्रित है। आयुष मंत्रालय अपने तीन स्वायत्त निकायों नामत: मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई), नई दिल्ली, केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद (सीसीआरवाईएन), नई दिल्ली और राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान (एनआईएन), पुणे के माध्यम से योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देता है। एमडीएनआईवाई योग शिक्षा के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम प्रदान करता है। सीसीआरवाईएन योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों में अनुसंधान और विकास के लिए शीर्ष निकाय है। एनआईएन, जो प्राकृतिक चिकित्सा के लिए एक प्रमुख संस्थान है, प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करता है। एमडीएनआईवाई, सीसीआरवाईएन और एनआईएन की गतिविधियां और कार्यक्रम क्रमशः yogamdniy.nic.in, www.ccryn.gov.in और ninpune.ayush.gov.in वेबसाइटों पर उपलब्ध हैं।

मंत्रालय द्वारा एक सूचना शिक्षा और संचार (आईईसी) योजना तैयार की गई है, जिसके तहत गतिविधियों में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहित आयुष पद्धतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने हेतु लोगों तक पहुंच बनाने के

लिए कदम उठाना शामिल हैं। आईईसी योजना के तहत सार्वजनिक कार्यक्रमों, सम्मेलनों, प्रदर्शनियों, शिविरों और टीवी, रेडियो, प्रिंट-मीडिया आदि पर कार्यक्रमों जैसी विभिन्न गतिविधियों के लिए सहायता दी जाती है।

दुनिया भर में योग के प्रति उत्साहित लोगों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, मंत्रालय ने विभिन्न आईटी टूल्स को विकसित/उन्नत किया है: योग पोर्टल, नमस्ते योग ऐप, योग ब्रेक (वाई-ब्रेक) मोबाइल एप्लिकेशन, और एम-योग ऐप, जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से विकसित किया गया है।

इसके अलावा, मंत्रालय ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश में विभिन्न आयुष पद्धतियों (योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा सहित) के विकास और संवर्धन के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केन्द्रीय प्रायोजित योजना कार्यान्वित कर रहा है और उनकी राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) में प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारें, एनएएम दिशा-निर्देशों के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से प्रस्ताव प्रस्तुत करके वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

इसके अलावा, शिक्षा मंत्रालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को विश्वविद्यालयों और कालेजों में योग पाठ्यक्रम को बढ़ावा देने का निर्देश दिया है।

*****

**संलग्नक**

**योग चिकित्सा से संबंधित पाठ्यक्रम प्रदान करने वाले संस्थानों का ब्यौरा**

| क्र.सं. | संस्थान का नाम | राज्य | संकाय का नाम | विभाग का नाम | स्तर | कार्यक्रम | विषय का नाम | प्रवेश | परीक्षा पद्धति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अन्नामलाई विश्वविद्यालय, अन्नामलाईनगर (आईडी: यू-0443) | तमिलनाडु | शिक्षा संकाय | शिक्षा विभाग | पीजी डिप्लोमा | पीजी डिप्लोमा-स्नातकोत्तर डिप्लोमा | योग चिकित्सा | 0 | वार्षिक |
| 2 | बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल (आईडी: यू-0269) | मध्य प्रदेश | शारीरिक शिक्षा संकाय | यूटीडी ऑफ योग | पीजी डिप्लोमा | पीजी डिप्लोमा-स्नातकोत्तर डिप्लोमा | योग चिकित्सा | 40 | छमाही |
| 3 | देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर (आईडी: यू-0270) | मध्य प्रदेश | कला | | पीजी डिप्लोमा | पीजी डिप्लोमा-स्नातकोत्तर डिप्लोमा | योग चिकित्सा | 93 | छमाही |
| 4 | गुरू जम्बेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, हिसार (आईडी: यू-0162) | हरियाणा | चिकित्सा विज्ञान संकाय | फिजियोथेरेपी | पीजी डिप्लोमा | पीजी डिप्लोमा-स्नातकोत्तर डिप्लोमा | योग विज्ञान एवं चिकित्सा | 34 | छमाही |
| | | | चिकित्सा विज्ञान संकाय | फिजियोथेरेपी | स्नातकोत्तर | एम.एससी.-मास्टर ऑफ साइंस | योग विज्ञान एवं चिकित्सा | 44 | छमाही |
| 5 | गुरू काशी विश्वविद्यालय (आईडी: यू-0653) | पंजाब | यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ फिजिकल एजूकेशन | | पीजी डिप्लोमा | पीजी डिप्लोमा-स्नातकोत्तर डिप्लोमा | योग चिकित्सा | 120 | छमाही |
| 6 | महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बिकानेर (आईडी: यू-0406) | राजस्थान | विज्ञान संकाय | उद्यमिता और कौशल प्रबंधन केंद्र | स्नातकोत्तर | एम.एससी.-मास्टर ऑफ साइंस | योग अध्ययन एवं चिकित्सा प्रबंधन | 20 | वार्षिक |
| 7 | महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर (आईडी: यू-0408) | राजस्थान | वैदिक अध्ययन | यौगिक विज्ञान और मानव चेतना विभाग | स्नातकोत्तर | एम.ए.-मास्टर ऑफ आर्ट्स | योग अध्ययन एवं चिकित्सा प्रबंधन | 20 | छमाही |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति (आईडी: यू-0030) | आंध्र प्रदेश | दर्शन संकाय | सांख्य योग विभाग | पीजी डिप्लोमा | पीजी डिप्लोमा-स्नातकोत्तर डिप्लोमा | योग चिकित्सा एवं तनाव प्रबंधन | 25 | वार्षिक |
| 9 | स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान, बैंगलोर (आईडी: यू-0243) | कर्नाटक | स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान | | स्नातकोत्तर | एम.एससी.-मास्टर ऑफ साइंस | योग चिकित्सा | 60 | छमाही |
| | | | स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान | | स्नातक-पूर्व | बी.एससी.-बैचलर ऑफ साइंस | योग चिकित्सा | 60 | छमाही |
| 10 | तमिलनाडु शारीरिक शिक्षा एवं स्पोर्टस विश्वविद्यालय, चेन्नई (आईडी: यू-0486) | तमिलनाडु | योग और संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय | योग विभाग | पीजी डिप्लोमा | पीजी डिप्लोमा-स्नातकोत्तर डिप्लोमा | योग चिकित्सा | 0 | वार्षिक |
| | | | योग और संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय | योग विभाग | स्नातकोत्तर | एम.एससी.-मास्टर ऑफ साइंस | योग चिकित्सा | 20 | छमाही |
| | | | योग और संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय | योग विभाग | स्नातकोत्तर | एम.एससी.-मास्टर ऑफ साइंस | योग चिकित्सा | 0 | वार्षिक |
| 11 | राजकीय योग शिक्षा एवं स्वास्थ्य कॉलेज, सेक्टर-23 (आईडी: सी-29420) | चंडीगढ़ | | | पीजी डिप्लोमा | पीजी डिप्लोमा-स्नातकोत्तर डिप्लोमा | योग चिकित्सा | 25 | छमाही |
| 12 | जमशेदपुर महिला कॉलेज (आईडी: सी-43563) | झारखंड | | | पीजी डिप्लोमा | पीजी डिप्लोमा-स्नातकोत्तर डिप्लोमा | योग चिकित्सा | 25 | छमाही |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | कमला कॉलेज, राजारामपुरी (आईडी: सी-11163) | महाराष्ट्र | | | पीजी डिप्लोमा | पीजी डिप्लोमा- स्नातकोत्तर डिप्लोमा | योग चिकित्सा | 20 | छमाही |
| 14 | महात्मा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अनुसंधान संस्थान (आईडी: सी-47762) | पुदुचेरी | | | एम.फिल. | एम.फिल.- मास्टर ऑफ फिलॉसफी | योग चिकित्सा | 5 | छमाही |
| | | | | | पीजी डिप्लोमा | पीजी डिप्लोमा- स्नातकोत्तर डिप्लोमा | योग चिकित्सा | 30 | वार्षिक |
| स्रोत: एआईएसएचई पोर्टल 2019-20 | | | | | | | | | |